भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1251
गुरूवार, 5 दिसम्बर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

भारत का पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचार-प्रसार

1251 श्री साकेत गोखले:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विदेशों में भारत का पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचार-प्रसार के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे व्यय में कटौती के क्या कारण हैं; और

(ख) विदेशों में भारत का पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे व्यय में कटौती के संबंध में मंत्रालय को विभिन्न हितधारकों से प्राप्त चिंताओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान विदेशों में एक पर्यटक गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन और प्रचार पर किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है-

(रुपये में)

2021-22	2022-23	2023-24
9.42 करोड़	15.89 करोड़	51.31 करोड़

*****